— प्रेस नोट —

जनपद मीरजापुर　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 07.02.2021

थाना चील्ह पुलिस द्वारा वध हेतु ले जाये जा रहे कुल 07 राशि गोवंश बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार—

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-07.02.2021 को म0उ0नि0 गीता राय चौकी प्रभारी टेढ़वा मय हमराह टेढ़वा बार्डर पर वाहन चेकिंग में मामूर थी कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पटेहरा स्थित बगीचे में दो व्यक्ति कुछ गोवंश को वध हेतु कही ले जाने की फिराक में है प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी टेढ़वा द्वारा मय पुलिस बल उक्त स्थान पर पहुंचकर, घेराबन्दी कर दो व्यक्तियो को पकड़ लिया गया, जिनके कब्जे से 07 राशि गोवंशी पशु बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्तियो द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि हम लोग पशुओं को जंगल के रास्ते वध हेतु ले जाते है। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता—

1-पारसनाथ यादव पुत्र हरिशंकर प्रसाद यादव निवासी कुड़वा थाना कोन जनपद सोनभद्र।

2-श्रीपति सिंह पुत्र स्व0 माता प्रसाद सिंह निवासी मुजेहरा खुर्द थाना चील्ह मीरजापुर।

विवरण बरामदगी:-

1- कुल 07 राशि गोवंश(05 राशि बछड़ा व 02 राशि बैल)।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. म0उ0नि0 गीता राय चौकी प्रभारी टेढ़वा थाना चील्ह मीरजापुर।
2. हे0का0 काशीनाथ यादव चौकी टेढ़वा थाना चील्ह मीरजापुर।
3. का0 राय साहब यादव चौकी टेढ़वा थाना चील्ह मीरजापुर।
4. का0 संदीप कुमार चौकी टेढ़वा थाना चील्ह मीरजापुर।